तापमान
अधिकतम 28.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि
# रत्न भूमि

रायपुर, रविवार 29 जून 2025

15 धरती आबा जनजाति उत्कर्ष अभियान शिविर आदिवासी...



16 कांग्रेस पार्टी को मजबूत करने के लिए कार्यकर्ता...








आवश्यकता है
आयुष्मान हॉस्पिटल साईं मंदिर कुर्रा (नवापारा राजिम) में

| पद | पोस्ट |
|---|---|
| पर्सनल असिस्टेंट | 01 |
| नर्सिंग इंचार्ज (03 वर्ष अनुभवी) | 05 |
| नर्सिंग स्टॉफ (Anm,Gnm,Bsc Nursing,Mpw) | 15 |
| वार्ड बॉय/वार्ड गर्ल | 10 |
| रिसेप्शनिस्ट | 05 |
| PRO स्टॉफ | 05 |

नोट:- अनुभवी अभ्यार्थी को पहले प्राथमिकता दी जाएगी।
आयुष्मान हॉस्पिटल साईं मंदिर कुर्रा
जिसमें इच्छुक अभ्यार्थी अपने सभी दस्तावेजों के साथ अपनी उपस्थिति देवें।
9109154282, 9228134031

कार्रवाई : नगर विकास दान पत्र की फर्जी रसीद से अवैध वसूली का खुलासा

# जिले में अवैध रेत परिवहन पर प्रशासन का शिकंजा, 6 वाहन जब्त, फर्जी रसीदें मिलीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

अवैध रेत उत्खनन और परिवहन के खिलाफ गरियाबंद जिला प्रशासन ने शनिवार सुबह बड़ी कार्रवाई की। कलेक्टर के निर्देश पर खनिज विभाग एवं राजस्व विभाग की संयुक्त टीम ने सुबह 6:00 बजे दबिश देकर दो हाईवा और चार ट्रैक्टर को रेत परिवहन करते पकड़ा। सभी जब्त वाहनों को थाना पाण्डुका के सुपुर्द कर दिया गया है। कार्रवाई के दौरान नगर पंचायत कोपरा क्षेत्र में नगर विकास दान पत्र नामक रसीद के जरिए अवैध वसूली किए जाने का भी खुलासा हुआ। टीम ने मौके से कई फर्जी रसीद पर्चियां भी जब्त की हैं, जो खनिज विभाग की अनुमति के बिना अवैध रूप से उपयोग की जा रही थीं। दान पत्र में अवैध उगाही की खबर हरिभूमि ने प्रमुखता से प्रकाशित किया था जिसके बाद प्रशासन ने कोपरा में दबिश देकर कार्यवाही की है।





### रेत माफियाओं में हड़कंप

संयुक्त कार्रवाई के बाद जिले के विभिन्न इलाकों में अवैध रेत कारोबार से जुड़े लोगों में हड़कंप मच गया है। प्रशासन ने संकेत दिए हैं कि यह सिर्फ शुरुआत है और आगे भी नियमित कार्रवाई की जाएगी।

**जांच में जुटा प्रशासन-** इस संबंध में जिला खनिज अधिकारी रोहित सेवन ने बताया कि सुबह 6 बजे दो हाईवा राजिम में और चार ट्रैक्टर को रेत परिवहन करते जब्त कर थाने के सुपुर्द किया गया है। वहीं कोपरा में नगर विकास दान पत्र के नाम पर वसूली की जा रही रसीद की पर्चियां भी बरामद की गई हैं, जिसकी जांच जारी है। प्रशासनिक सूत्रों के अनुसार, रसीदों का मुद्रण और वितरण बिना वैध स्वीकृति के किया गया था, जो पूरी तरह गैरकानूनी है। अब जांच के जरिए यह पता लगाया जाएगा कि इस अवैध वसूली में कौन-कौन शामिल थे।

## माइनिंग विभाग ने पारागांव में पकड़ी चेन माउंटेन मशीन और 7 हाईवा

**नवापारा-राजिम।** नवापारा क्षेत्र में खनिज विभाग ने अवैध रेत उत्खनन के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। बीती शुक्रवार की देर रात ग्राम पारागांव में विभागीय टीम ने दबिश देकर वहां अवैध उत्खनन में लगी चैन माउंटेन मशीन को मौके पर ही जब्त कर लिया। इसके अलावा टीम ने नवापारा क्षेत्र में रेत परिवहन कर रहे 7 हाईवा वाहनों को भी जप्त किया है। इस कार्रवाई के बाद रेत कारोबारियो में हड़कंप मच गया है। जानकारी के मुताबिक रायपुर कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह के निर्देश पर खनिज उप संचालक केके गोलघाटे के नेतृत्व में यह कार्रवाई की गई। पारागांव से लगे हुए ग्राम लखना में भी अवैध रेत उत्खनन का बड़ा मामला सामने आया है। बताया गया है कि प्रतिदिन करीब 50 ट्रैक्टर से ग्राम में नर्सरी के



आसपास और महानदी से सैकड़ों ट्रिप रेत निकालकर बाहर भेज रहे हैं। यह रेत भंडारण कर हाईवा मालिकों को बेचा जा रहा है, जिससे शासन को राजस्व की भारी क्षति हो रही है। इस पूरे खेल में ग्राम के ही एक युवक की अहम भूमिका होने की खबर सामने आई है, जिस पर अब कार्रवाई की मांग तेज हो गई है। स्थानीय ग्रामीणों ने खनिज विभाग से लखना में भी तत्काल सख्त कार्रवाई की मांग की है। खनिज विभाग का कहना है कि अवैध उत्खनन किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। जहां भी अवैध रेत खनन और परिवहन की जा रही है, वहां कार्रवाई की जाएगी. आगे देखने वाली बात होगी कि लखना में चल रहे रेत के अवैध कारोबार पर प्रशासन क्या कार्यवाही करती है ? पारागांव में कार्यवाही करने मशीन की जप्ती बनाने सहायक खनिज अधिकारी हेमंत चेरपा, खनिज अधिकारी जागृत गायकवाड़, खनिज सुपरवाइजर डीके साहू, सुनील दत्त शर्मा, वीरेंद्र बेलचंदन, रूपेंद्र चंद्राकर, छबि साहू की टीम रायपुर से पहुंची थी।

# पीएम जनमन की सड़क एक महीने में ही उखड़ी गुणवत्ता पर उठे सवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रधानमंत्री जन मन योजना के तहत विशेष जनजातियों के गांवों तक पहुंच मार्ग बनाने का उद्देश्य उन्हें मुख्यधारा से जोड़ना है। हालांकि, छुरा में इस योजना के तहत बनी सड़कों की गुणवत्ता पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। हाल ही में एक महीने पहले बनी सड़क का डामर हाथ से उखड़ने लगा है, जिससे निर्माण कार्य की घटिया गुणवत्ता उजागर हो रही है। पूर्व सांसद प्रतिनिधि टीकमचंद साहू ने इस पर नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि क्षेत्र के



अधिकारी-कर्मचारी प्रधानमंत्री की महत्वाकांक्षी योजना को बदनाम करने में लगे हैं। उन्होंने विशेष रूप से घटकर्रा से कमारपारा तक 0.700 किलोमीटर रोड का उदाहरण देते हुए बताया कि डामर इतना निम्न स्तर का है कि उसे आसानी से हाथ से उखाड़ा जा सकता । यह दर्शाता है कि सड़क निर्माण में कितनी लापरवाही बरती गई है और अधिकारियों ने प्रधानमंत्री की सोच को किस तरह अमल में लाया है।

यह सड़क कार्य 4 मार्च 2024 को शुरू हुआ था और 19 अप्रैल



2025 तक पूरा होना था, साथ ही 5 साल का रखरखाव भी इसमें शामिल है। कमारपारा की आबादी लगभग 106 है और यहां जन मन योजना के तहत अन्य सड़कों का भी निर्माण किया गया है। ग्रामीणों ने सभी बनी हुई सड़कों की गुणवत्ता की जांच की मांग की है, ताकि प्रधानमंत्री के सोच के अनुरूप सड़कों का निर्माण हो सके।

### जानकारी दी गई है

स्थानीय नेताओं ने बताया कि इस संबंध में स्थानीय विधायक को भी जानकारी दी गई है और आगामी विधानसभा सत्र में इन सड़कों की गुणवत्ता की जांच की मांग की जाएगी। प्रधानमंत्री सड़क योजना के कार्यपालन अभियंता पाटकर से संपर्क करने का प्रयास किया गया, लेकिन उनसे बात नहीं हो पाई।

## खबर संक्षेप



### नए बोरवेल मशीन की हुई पूजा, दो वार्डों में पानी की समस्या होगी दूर

राजिम। वार्ड क्रमांक 3 व 8 में बोर मशीन के जल जाने पर दोनों वार्ड के निवासियों को पानी की समस्या उत्पन्न हो गई थी। जिसे नगर पंचायत अध्यक्ष महेश यादव ने गंभीरता से लेते हुए नया बोर मशीन उपलब्ध कराया। जिसका पूजन पार्षद प्रतिनिधि सोमनाथ पटेल ने किया। बताया गया कि नगर पंचायत के कर्मचारी सुबह से ही बोर मशीन को व्यवस्थित करने में लग रहे। इससे पानी की समस्या दूर हो गई। श्री पटेल ने बताया कि नगर विकास के लिए अध्यक्ष और पार्षद संकल्पित है। नगर को सुंदर और व्यवस्थित बनाने के लिए लगातार प्रयास किया जा रहा है। आने वाले समय मे नगर का विकास कुम्भ नगरी के अनुरूप होगा। दोनों वार्ड के नागरिको ने नगर पंचायत अध्यक्ष महेश यादव का धन्यवाद ज्ञापित किया।

# खाद की कमी को लेकर किसान परेशान पटेवा सोसायटी में कांग्रेस ने किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम

पटेवा सोसायटी में शनिवार को ब्लॉक कांग्रेस कमेटी नवापारा ग्रामीण के सदस्यों ने सरकार के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने नारेबाजी करते हुए तहसीलदार के नाम व्यवस्थापक को एक ज्ञापन सौंपा, जिसमें किसानों को खाद की कमी से हो रही परेशानी को उजागर किया गया। कांग्रेसजनों ने आरोप लगाया कि खाद वितरण की व्यवस्था लचर है और किसानों को गुणवत्तायुक्त डीएपी खाद प्राप्त करने के लिए सोसायटियों के चक्कर




काटने पड़ रहे हैं। इसके बावजूद उन्हें पर्याप्त खाद नहीं मिल पा रही है, जिसके चलते किसान अधिक दाम में बाजारों से खाद खरीदने के लिए मजबूर हो रहे हैं। ज्ञापन सौंपने वालों में जिला कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष चंद्रहास साहू, नवापारा ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ग्रामीण के अध्यक्ष गिरधारी साहू और अन्य प्रमुख कांग्रेस नेता व किसान शामिल थे। उन्होंने सरकार से जल्द से जल्द खाद की उपलब्धता सुनिश्चित करने और किसानों की समस्या का समाधान करने की मांग की।

## सोसायटी से राशन लेने के लिए 30 तक ई केवाईसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम

सोसायटी से राशन लेने वाले परिवार एवं हितग्राहियों के लिए अहम खबर यह है कि 30 जून तक हर हाल में ई केवाईसी करा लें वर्ना आगे राशन मिलना मुश्किल हो जाएगा। सरकार ने राशन कार्डों के ई-केवाईसी के लिए 30 जून की तारीख निर्धारित की है। 30 जून के




लिए अब आज और कल दो दिन का समय शेष रहा गया है। इन दो दिनो के भीतर ▶▶|शेष पेज 14 पर

## अमलीपदर आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक 1 जर्जर, बच्चों को बिठाने में परेशानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

जिले के मैनपुर विकासखंड अंतर्गत ग्राम अमलीपदर के आंगनबाड़ी केन्द्र क्रमांक एक का भवन की हालत बेहद जर्जर हो गई है। इन दिनों लगातार हो रही बारिश के कारण यहां बच्चों को बिठाना बहुत मुश्किल हो चला है। पानी का रिसाव लगातार भवन के भीतर हो रहा है जिसके चलते कभी भी गंभीर



दुर्घटना का अंदेशा बनी हुई है। कई बार महिला बाल विकास विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों को इसकी जानकारी स ▶▶|शेष पेज 14 पर

डीजे पर थिरके हजारों श्रद्धालु

# अमलीपदर में निकली भव्य कलश यात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

जिले के मैनपुर विकासखण्ड अंतर्गत ग्राम अमलीपदर श्री जगन्नाथ मंदिर में रथजात्र महोत्सव पर भव्य धार्मिक आयोजन किया जा रहा है, जिसमें आज शनिवार को गुंडिचा मंदिर में विराजमान श्री कालिया महाबाहु के प्रांगण में श्रीश्री 24 पहरी महानाम यज्ञ का आयोजन किया गया इसके पूर्व भव्य कलश यात्र निकाली गई। जिसमें ग्राम मुख्य मार्ग होते हुए बड़े जोर–शोर धुमधाम से संकीर्तन मंडली, डीजे, बाजा- गाजा के साथ बोल कालिया के जयघोष के साथ कलश यात्र



निकाली गई। जिसमें हजारों के संख्या में श्रद्धालु कालिया भक्त उपस्थित रहे। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी श्री जगन्नाथ गुंडीचा मंदिर में महाआरती हुआ और महाआरती के बाद महाभंडारा प्रसाद भक्तों को वितरण किया गया। महानाम यज्ञ आरंभ किया गया, जिसमें रविवार प्रात काल 8 बजे से पूजन अर्चना किया जाएगा और पूजा अर्चना के बाद निरंतर नाम जप निरंतर रहेगा। इस धार्मिक आयोजन में पं. युवराज पांडेय, श्री मंदिर परिसर के सेवक, ग्राम के वरिष्ठ जन मातृशक्ति सम्मिलित हुए। समस्त ग्रामवासी उक्त कार्यक्रम में सम्मिलित हुए।



## खबर संक्षेप

### रसेला में माता पहुंचनी कल मनाया जाएगा

**रसेला।** गांव में शांति, सद्भाव और बीमारी से बचाव के लिए 30 जून को माता पहुंचनी पर्व श्रद्धा और उल्लास के साथ ग्राम रसेला में मनाया जाएगा। यहां पारंपरिक पर्व आषाढ़ में मनाया जाता है। ज्ञात हो कि क्षेत्र के



आसपास गांवों में रथयात्रा के पहले मनाते हैं, मगर रसेला में रथयात्रा पर्व मनाने के बाद ही माता पहुंचनी पर्व मनाया जाता है। इस दिन गांव के बैगा भागवत कोमर्रा, तमेशर मरकाम, ज्ञान सिग नागेश सहित सहयोगी माता शीतला सहित गांव की सभी देवी-देवताओं की विशेष पूजा अर्चना किया जाएगा। सोमवार को तीन बजे जस गायकों के द्वारा बाजे गाजे के साथ माता सेवा गीत गाते हुए पुरे गांव का भ्रमण कर, गांव के देवी-देवताओं और ग्रामवासियों को शीतला मंदिर आने का न्योता दिया जाएगा। इसके बाद ग्रामवासी शीतला मंदिर पहुंचकर मां शीतला की पूजा अर्चना के साथ नारियल, चांवल, दाल, श्रंगार सामग्री और अन्य वस्तुएं अर्पित कर आशीर्वाद लेंगे। आपदा से बचाव के लिए नीम की डगाली से अमृत सिर पर छिड़काव के साथ मंदिर से जल लेकर घरों में भी छिड़काव करते हैं। बैगा भागवत कोमर्रा, ग्राम पटेल लोकराम यादव, ग्राम प्रमुख डी आर यादव, तमेश्वर मरकाम, नंदू दास, धनीराम यादव,बिगेद्र ठाकुर, देवलाल बारिक, भावसिह मरकाम, संतराम नेताम, दयाराम निषाद ने बताया कि वर्षा ऋतु आरंभ में माता पहुंचनी पर्व सुख शांति समृद्धि के लिए मनाया जाता है। साथ ही कृषि कार्य में कोई बाधा न आये, छोटे बच्चों को जीव जंतु कीट पतंग का प्रकोप न हो इसलिए शीतला माता की पूजा अर्चना कर शीतल जल का छिड़काव किया जाता है। माता शीतला चेचक, बुखार और अन्य बीमारियों से रक्षा करती है। उन्होंने बताया जुडवास पर्व का अर्थ है जुड़ना, इस दिन महिलाएं, बुजुर्ग, युवा, और बच्चे मंदिर में एकत्र होते हैं। और सभी गांव की समृद्धि और आरोग्यता की प्रार्थना करते हैं। गांव में यह पर्व आस्था एकता और परंपरा का प्रतीक बनकर संपन्न होगा।

# पहली बार सीजन में बिके सवा लाख एसी, तीन साल में बिक्री हो गई डबल


अलग खबर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

गर्मी के सीजन में इस बार एसी और कूलर का कारोबार करने वाले मालामाल हो गए हैं। पहली बार सीजन में सवा लाख एसी बिके हैं। तीन साल में एसी की बिक्री डबल हो गई है। अब गांवों से ज्यादा डिमांड आने के कारण एसी ज्यादा बिक रहे हैं। इसी के साथ पांच लाख कूलर भी बिके हैं। इस सीजन में एसी और कूलरों का मिलाकर 700 करोड़ का कारोबार हो गया है।

एयर कंडीशनर यानी एसी भी अब खास से आम होता जा रहा है। एक समय था, जब इसकी डिमांड बड़े शहरों और अमीरों के घरों के लिए होती थी, लेकिन अब एसी की डिमांड बड़े शहरों से हटकर गांवों और छोटे शहरों में भी बढ़ गई है। अब मध्य वर्ग के घरों में भी एसी एक से ज्यादा लग रहे हैं। यही वजह है कि बीते दो साल से हर साल 20 से 25 फीसदी कारोबार में इजाफा रहा है। इस बार गर्मी के तेवर और ज्यादा रहे हैं इसलिए कारोबार में 50 फीसदी तक भी इजाफा हुआ है।

**चार सौ करोड़ के एसी और तीन सौ करोड़ के कूलर बिके**



### तीन साल में कारोबार डबल

एसी का कारोबार बड़ा होता है। ब्रांडेड एसी 30 हजार से एक लाख तक के आते हैं। पहले एसी कम बिकते थे, लेकिन बीते तीन सालों से एसी की डिमांड बढ़ गई है। हर साल 15 से 20 हजार एसी ज्यादा बिक रहे हैं। तीन साल पहले प्रदेश में 50 हजार के आस-पास ही एसी बिकते थे, लेकिन जहां 2023 में 65 हजार के आस-पास एसी बिके, वहीं बीते साल 80 हजार बिके हैं। इस साल सवा लाख एसी बिके हैं। ऐसे में इस बार 45 हजार एसी बीते साल से ज्यादा बिके। यानी कारोबार में 50 फीसदी का इजाफा हो गया है। कम और ज्यादा कीमत को देखते हुए एक एसी की औसत कीमत अगर 35 हजार मान लें तो इस सीजन में करीब चार सौ करोड़ से ज्यादा का कारोबार हो गया है। इस बार तो कीमत एक से दो हजार तक बढ़ी भी है।

### पांच लाख कूलर बिके

गर्मी के सीजन में सबसे बड़ा कारोबार कूलरों का होता है। 2023 में जहां साढ़े तीन लाख कूलर बिके थे, वहीं बीते साल चार लाख कूलर बिके हैं। इस बार पांच लाख से ज्यादा कूलर बिके हैं। लोकल कूलरों में विंडो कूलरों की मांग ज्यादा रही है। ये कूलर चार से आठ हजार के बीच मिलते हैं। आज-कल तो दो हजार तक के छोटे कूलर भी आने लगे हैं। इसके अलावा रूम कूलरों की भी बड़ी डिमांड रही है। रूम कूलरों में ब्रांडेड कूलर जहां 10 से 12 हजार के मिलते हैं, वहीं लोकल कूलर 5 से 8 हजार में मिल जाते हैं। एक कूलर की औसत कीमत छह हजार मानें, तो सीजन में इसका कारोबार भी तीन सौ करोड़ हो गया है।

### शहर में हल्की से मध्यम वर्षा की संभावना बनी हुई

# रथयात्रा के दिन भी नहीं हुई बारिश रात में चली तेज हवा और बूंदाबांदी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



काफी इंतजार के बाद बादल बने, मगर रथयात्रा के दिन भी शहर में बारिश नहीं हुई। रात में कुछ देर तक चली तेज हवा से आस जागी जो बूंदबांदी के बाद समाप्त हो गई। शहर में अगले तीन दिन केवल हल्की से मध्यम बारिश होने की संभावना बनी हुई है। पिछले चौबीस घंटे में जशपुर के प्रतापपुर इलाके में 9 सेमी. बारिश दर्ज की गई है।

मौसम विशेषज्ञों का कहना है कि अभी वर्षा रायपुर, बिलासपुर और दुर्ग संभाग के जिलों में ज्यादा असर नहीं दिखा पा रही है। इसका दायरा सरगुजा और बस्तर संभाग में भी सिमटा हुआ है। पिछले चौबीस घंटे में सर्वाधिक बारिश जशपुर जिले में दर्ज की गई है, हालांकि बादल अन्य इलाकों में पांच से एक सेमी. तक बरसे हैं, मगर अलग-अलग हिस्सों में इसका प्रभाव रहने की वजह से यह असरदार नहीं रहा है। रायपुर में गुरुवार की सुबह हल्की बारिश हुई, इसके बाद हल्की बूंदाबांदी शुक्रवार की शाम हुई। आज रथयात्रा के दिन बरसात की संभावना थी, मगर दिन में पानी बरसना तो दूर, कुछ देर के लिए धूप भी निकल आई थी। संभावना इस बात की जताई जा रही है कि अगले तीन दिन मध्य हिस्से में वर्षा की तीव्रता कम होने के बाद पुनः तेजी आने की संभावना है। पिछले चौबीस घंटे में प्रतापपुर के अलावा दर्री में 7, प्रेमनगर एवं बेलगहना में 6, कुसमी, राजिम, सूरजपुर, बलरामपुर में 5-5 सेमी. बारिश हुई। आज प्रदेश में सर्वाधिक तापमान 31.2 डिग्री दुर्ग तथा रायपुर का 30.6 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया।

### मानसून डांवाडोल, जशपुर में सबसे ज्यादा बारिश, राजनांदगांव में सबसे कम

छत्तीसगढ़ में इस साल मानसून अब तक डांवाडोल नजर आ रहा है। मानसून आने के पहले मौसम विभाग ने भविष्यवाणी की थी कि इस बार मानसून जल्दी सक्रिय होगा, लेकिन ये बात सही नहीं निकली। इस बीच राज्य के अलग-अलग जिलों में असमान वर्षा हो रही है। कहीं काफी बारिश हुई है कहीं कम। मौसम विभाग के अनुसार छत्तीसगढ़ में 1 जून से अब तक 115.1 मि.मी. औसत वर्षा रिकार्ड की जा चुकी है। राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा स्थापित राज्य स्तरीय बाढ़ नियंत्रण कक्ष से प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रदेश में अब तक जशपुर जिले में सर्वाधिक 264.3 मि.मी. वर्षा रिकार्ड की गई है। राजनांदगांव जिले में सबसे कम 35.9 मि.मी. वर्षा दर्ज हुई है।

#### ये है बारिश का हाल

राज्य स्तरीय बाढ़ नियंत्रण कक्ष द्वारा प्राप्त जानकारी के अनुसार सरगुजा में 107.4 मि.मी., सूरजपुर में 156.8 मि.मी., बलरामपुर में 245.7 मि.मी., कोरिया में 212.2 मि.मी. और मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर में 127.5 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज हुई है। रायपुर जिले में 81.0 मि.मी. बलौदाबाजार में 125.8 मि.मी., गरियाबंद में 109.9 मि.मी., महासमुंद में 92.9 मि.मी. और धमतरी में 64.4 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज हुई है। बिलासपुर में 83.1 मि.मी., मुंगेली में 96.8 मि.मी., रायगढ़ में 174.3 मि.मी., सारंगढ़-बिलाईगढ़ में 103.2 मि.मी., जांजगीर-चांपा में 139.0 मि.मी., सक्ती में 69.1 मि.मी. कोरबा में 130.2 मि.मी. और गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही 136.9 मि.मी. औसत वर्षा रिकार्ड हुई है। दुर्ग जिले में 66.7 मि.मी., कबीरधाम में 64.6 मि.मी., मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी में

# नंदनी ओमकार साहू ने बेलर में रथयात्रा महोत्सव में की विकास कार्यों की घोषणा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुईहा बेल्हार

जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 2 की महिला सदस्य एवं महिला एवं बाल विकास समिति की सभापति नंदनी ओमकार साहू ने शुक्रवार को ग्राम बेलर में आयोजित रथयात्रा महोत्सव कार्यक्रम में अतिथि के रूप में शिरकत की। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि देश में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और प्रदेश में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में विकास से आम जनजीवन में तरक्की हो रही है। उन्होंने भाजपा कार्यकर्ता के रूप में अपना योगदान देना सौभाग्य की बात बताया। नंदनी ओमकार साहू ने अपने संबोधन में कहा कि जनसेवा के जिस भाव से उन्होंने सार्वजनिक जीवन में कदम रखा था, उसके पुरस्कार स्वरूप उनके बेलर वासियों के मातृ संगठन ने उन्हें नई जिम्मेदारियों के साथ जनता के बीच भेजा है। उन्होंने कहा कि वह इस विशाल लोकतंत्र में जनसेवा के लिए प्रतिज्ञाबद्ध होकर चयनित हुई हैं। उन्होंने अपनी सेवा भाव से सभी के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने और लोगों का स्नेह पाते रहने को सबसे बड़ी उपलब्धि बताया। उन्होंने बेलर वासियों का सदा ऋणी रहने की बात कही। जिला पंचायत सभापति नंदनी ओमकार साहू ने ग्राम पंचायत सरपंच सुमन लेखराम



रात्रे की मांग पर बेलर गांव पानी टैंकर 4 लाख रुपए, कांक्रीटीकरण सड़क 5 लाख रुपए, सौंदर्यीकरण 1.50 लाख रुपए नंदनी साहू ने रथयात्रा कार्यक्रम में भी शामिल हुईं और भगवान जगन्नाथ से गांव की खुशहाली के लिए प्रार्थना की। उन्होंने स्वयं उस रास्ते पर झाड़ू भी लगाई, जिस रास्ते से भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा गुजरने वाली थी। इससे पहले, ग्राम बेलर पहुंचने पर पंचायत सरपंच सुमन रात्रे ने अपने विष्णु साहू पंचगणों एवं ग्राम विकास समिति अध्यक्ष खोमन साहू और अपने समिति सदस्यों के साथ नंदनी ओमकार साहू का भव्य स्वागत किया।

# सिर्रीखुर्द के बच्चों ने हरियाणा महाराष्ट्र के बच्चों से की बात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम



बहुभाषा शिक्षण अंतर्गत प्राथमिक शाला सिर्रीखुर्द छत्तीसगढ़ के बच्चों ने भाषा संगम गतिविधि के माध्यम से हरियाणा राजस्थान महाराष्ट्र के बच्चों से बहुभाषा सीखने के उद्देश्य से गूगल मीट के माध्यम से आपस में संवाद किया जिसमें बच्चों ने एक दूसरे का अभिवादन करना खान-पान, रहन-सहन ,वेशभूषा सांस्कृतिक शिक्षण की जानकारी प्राप्त किया। बहुभाषी शिक्षण एक ऐसी शिक्षा प्रणाली है जिसमें छात्रों को एक से अधिक भाषाओं में शिक्षा दी जाती है। इस प्रणाली में छात्रों को अपनी मातृभाषा के साथ-साथ अन्य भाषाओं में भी शिक्षा प्राप्त करने का अवसर मिलता है। बहुभाषी शिक्षण से बच्चों में भाषाई कौशल सांस्कृतिक समझ बौद्धिक विकास होता है क्योंकि उन्हें विभिन्न भाषाओं में सोचने और समझने का अवसर मिलता है। प्राथमिक शाला सिर्रीखुर्द के शिक्षक खोमन सिन्हा ने बताया कि इसी क्रम में हम चारों राज्यों के छात्र-छात्राएं आपस में संवाद किए। जिसमें हमारे प्राथमिक शाला सिर्रीखुर्द के बच्चों ने अभिवादन में राम राम जी,मोर नाव सुर्यकांत हे, मेहा बने बने हो, हमर स्कूल 16 जून से शुरू होय हे,छत्तीसगढ़िया सबले बढ़िया। हरियाणा से राम राम जी, मेरा नाम अरनव सिंह ,मैं तो ठीक ठाक हूं, हमारा नया सत्र एक अप्रैल ते हो ज्यासै, म्हारा हरियाणा सुथरा हरियाणा। महाराष्ट्र से नमस्कार,माझे नाव शंकर आहे,मी छान आहे,आपली शाला कधीपासून सुरु झाली आहे,माझी शाला 15 जून पासून सूरु झाली आहे,जय महाराष्ट्र। राजस्थान से म्हारा नाम किशनदान है,मै ठीक हूं,म्हारो नयो सत्र एक जुलाई सु शुरू हुई, जय जय राजस्थान। बहुभाषी संवाद में छत्तीसगढ़ से शिक्षक खोमन सिन्हा, जगन्नाथ ध्रुव, महाराष्ट्र से शंकर लुकुले, हरियाणा से सी आर काजला, राजस्थान से किशनदान का विशेष योगदान रहा।



### सभ्य व प्रगतिशील समाज के निर्माण में शिक्षा की अहम भूमिका : योगिता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम

सदर बाजार शासकीय प्राथमिक शाला में प्रवेशोत्सव कार्यक्रम समाज सेविका योगिता सिन्हा के मुख्य आतिथ्य में हुआ। विशेष अतिथि के रूप में गीता अग्रवाल, अनिता अग्रवाल, पार्षद सहदेव कंसारी, नम्मू ध्रुव थे। श्रीमती सिन्हा ने छात्र-छात्राओं का तिलक लगाकर स्कूल बैग एवं कॉपी का वितरण किया। उन्होने स्कूल के लिए 2 सीलिंग पंखा प्रदाय किया। इस अवसर पर कहा कि आज के बच्चे कल के भावी भविष्य है। छात्र-छात्राएं मन लगाकर पढ़ाई करे एवं अपने माता पिता, नगर एवं देश का नाम रोशन करें। पालकों से अनुरोध है कि बच्चों को मोबाइल एवं अन्य डिजिटल लत से दूर रखे। बच्चे पढ़ेंगे तो सभ्य एवं प्रगतिशील समाज का निर्माण होगा। विकसित राष्ट्र की अवधारणा छात्रों एवं युवाओं के कंधों पर टिकी हुई है। शाला प्रवेश उत्सव कार्यक्रम में स्कूल की वरिष्ठ शिक्षक संतोष लवतरिया, शैल चौहान, अनिता साहू, नीलकंठ, पालकगण मौजूद थे।

### जनपद अध्यक्ष शाला प्रवेश उत्सव कार्यक्रम में शामिल हुई ...



**राजिम।** जनपद अध्यक्ष इंद्राणी-नेहरू साहू ने अपने गृहग्राम लफंदी में शाला प्रवेश उत्सव कार्यक्रम में शामिल हुई। इस अवसर पर उन्होने नवप्रवेशी बच्चों का तिलक लगाकर मुंह मीठा कराके पुस्तक वितरण भी किया।

### कन्या शाला के प्रवेश उत्सव में शामिल हुई नपा अध्यक्ष



**नवापारा-राजिम।** शुक्रवार को शहर के शासकीय कन्या उच्च माध्यमिक विद्यालय में नगर पालिका अध्यक्ष ओमकुमारी-संजय साहू के मुख्य आतिथ्य में शाला प्रवेश उत्सव का कार्यक्रम हुआ। इस अवसर पर छात्राओं का मुंह मीठा कराके तिलक लगा के स्वागत करते हुए पुस्तक वितरण किया गया। कार्यक्रम में स्कूल के प्राचार्य सरिता नासरे, देवांगन सर, पालिका उपाध्यक्ष भूपेंद्र सोनी, अन्नपूर्णा देवांगन, मुकुंद मेश्राम, धीरज साहू सहित स्कूल स्टॉफ मौजूद थे। पालिकाध्यक्ष ओमकुमारी साहू ने छात्राओं से रोज स्कूल आने व मन लगाकर पढ़ाई करने के लिए प्रेरित किया।

### ककां के सुरता कार्यक्रम में शामिल होने का न्योता

# जिले में पूर्व सीएम बघेल का भव्य स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद



पूर्व मुख्यमंत्री एवं कांग्रेस के वरिष्ठ नेता माननीय भूपेश बघेल का आज गरियाबंद जिले के दौरे पर कांग्रेस कमेटी और युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर तेलघानी बोर्ड अध्यक्ष शैलेन्द्र साहू के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने जोरदार स्वागत किया। कार्यक्रम के दौरान युवा कांग्रेस महासचिव वासु साहू ने भूपेश बघेल को 'कका के सुरता' कार्यक्रम में शामिल होने का न्योता दिया। यह कार्यक्रम हरेली तिहार के अवसर पर ग्राम भेंडरी में आयोजित किया जाएगा, जहां हर वर्ष राजीव युवा मितान द्वारा 16 प्रकार के अलंपिक खेलों का आयोजन किया जाता है। इस आयोजन को भूपेश कका की स्मृति में और उनके योगदान को याद करते हुए किया जाएगा। भूपेश बघेल ने इस आमंत्रण को सहर्ष स्वीकार करते हुए कहा "यह कार्यक्रम हर्ष और उल्लास से मनाएं, मैं अवश्य आऊंगा।" इस आयोजन को लेकर युवाओं में खासा उत्साह देखा जा रहा है। कार्यक्रम में वासु साहू के साथ-साथ कई युवा कांग्रेस कार्यकर्ता भी उपस्थित रहे, जिनमें वेदांत साहू, दानेश्वर साहू, गोलू साहू, बंटी साहू, हेमंत ध्रुव, धरम ध्रुव, होमन साहू, जनक साहू, बबलू ठाकुर, अगेश्वर ध्रुव, सोमेंद्र ध्रुव, रुपेश साहू समेत अनेक कार्यकर्ता शामिल रहे। इस आयोजन से एक ओर जहां ग्रामीण खेलों को बढ़ावा मिलेगा, वहीं दूसरी ओर भूपेश बघेल जैसे जननेता के प्रति युवाओं की आत्मीयता भी दिखाई दे रही है।

# दलगंजन स्कूल में विदाई समारोह का हुआ कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर



शासकीय ठाकुर दलगंजन सिंह उच्चतर माध्यमिक विद्यालय फिंगेश्वर में शनिवार को विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य शिवसिंह कंवर, व्याख्याता चंद्रिका साहू और सहायक ग्रेड 03 अंशुदेव शेंडे को ससम्मान विदाई दी गई। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की पूजा अर्चना के साथ हुआ। तत्पश्चात, विदाई लेने वाले शिक्षकों का स्वागत पुष्पहार और गुलाल लगाकर किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य शिवसिंह कंवर ने अपने संबोधन में कहा कि शिक्षक समाज का आइना होता है। उन्होंने अपने शैक्षिक जीवन के बिताए हुए पलों को याद करते हुए भावुक होकर कहा कि शिक्षकों, विद्यार्थियों और पालकों के बीच बिताए गए 9 वर्ष उन्हें जीवन पर्यंत याद रहेंगे। केआर निषाद (प्राचार्य) ने कंवर सर की सराहना करते हुए कहा कि वे बहुमुखी प्रतिभा और व्यक्तित्व के धनी थे, और उनका जीवन सहज, सरल तथा सादगी पूर्ण रहा है। व्याख्याता वंदना अग्रवाल और शीला दुबे मैडम ने कंवर सर के उज्ज्वल भविष्य और सुखमय जीवन की कामना की। कार्यक्रम के अंत में, शाला के शिक्षकों द्वारा विदाई लेने वाले शिक्षकों को श्रीफल, डायरी और कलम भेंटकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर शिवसिंह कंवर, के आर निषाद, चंद्रिका साहू, वंदना अग्रवाल, शीला दुबे, केके साहू, केडी दीवान, तांडी सर, मनोज निषाद, तुकेश ध्रुव, डायमंड साहू, सूरज साहू, डहरिया सर, मीनाक्षी ठाकुर, शकुंतला लहरे, सियाराम सिन्हा, नंदकुमार साहू, संजना अंगारे और समस्त शाला परिवार उपस्थित थे।

## पेज 13 के शेष...

### सोसायटी से राशन...

यदि किसी ने चूक किया तो उनका राशन मिलना लफड़े में पड़ जाएगा। सरकार उन्हें अपात्र मानकर उनका राशन बंद कर सकती है। यह सभी को मालूम होना चाहिए कि खाद्य सुरक्षा योजना के अंतर्गत पात्र लाभार्थियों को डिजिटल पहचान से जोड़ने की कवायद तेज हो गई है। ऐसे में हर राशन कार्ड धारियों को कराना आवश्यक है। खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग की ओर से जारी निर्देशों के मुताबिक 30 जून तक हर हाल में ई-केवाईसी की प्रक्रिया पूर्ण होनी चाहिए। इस तिथि के बाद ई-केवाईसी वाले राशन कार्ड निलंबित कर दिए जाएंगे और जुलाई का राशन रोका जा सकता है।

### अमलीपदर आंगनबाड़ी...

स्थानीय ग्रामीणों के द्वारा दिया गया है लेकिन जिम्मेदार अधिकारी मूक दर्शन बने बैठे है शायद कोई गंभीर दुर्घटना का इंतजार कर रहे है। अमलीपदर के ग्रामीणों ने बताया की केन्द्र क्रमांक 1 भवन बहुत जर्जर हो गया है उपर छत ही हालत बेहद खराब हो गई। छत का प्लास्टर उखड़कर गिर रहा है बारिश होने पर लगातार पानी का रिसाव कमरे के भीतर होता है जिसके कारण छोटे -छोटे बच्चों को यहां बिठाना किसी खतरे से कम नहीं है। कई बार इसकी मरम्मत का मांग किया जा चुका है लेकिन अबतक गंभीर समस्या के तरफ कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। इस भवन का निर्माण लगभग 20 वर्ष पूर्व किया गया था अब भवन बेहद खराब हो गई है। दरअसल देखरेख तथा संबंधित विभाग के मॉनीटिरिंग के अभाव मे भवन की हालत बेहद जर्जर हो चली है क्षेत्र के लोगों ने महिला बाल विकास के मंत्री लक्ष्मी रजवाडे, गरियाबंद कलेक्टर बीएस उईके, जिला कार्यक्रम अधिकारी अशोक पांडेय से क्षेत्र के लोगो ने मांग किया है। उक्त जर्जर भवन का जांच करवाकर भवन मरम्मत किया जाए।

**खबर संक्षेप**

## वनांचल के विकास और संरक्षण की दिशा में सरकार का सशक्त कदम : हरीश साहू

**राजिम।** छत्तीसगढ़ में भाजपा सरकार द्वारा प्रारंभ धरती आबा कार्यक्रम वनांचल क्षेत्रों के सर्वांगीण विकास, जल-जंगल-जमीन की रक्षा और आदिवासी समाज की भागीदारी को मजबूत करने की एक ऐतिहासिक पहल बनकर उभरा है। सरपंच संघ के अध्यक्ष हरीश साहू ने कहा कि यह कार्यक्रम वन क्षेत्रों में रहने वाले लोगों के जीवन में बदलाव लाने



वाला है। इससे न केवल वन संसाधनों का संरक्षण होगा, बल्कि आदिवासी समुदाय की परंपराओं, जीवनशैली और अधिकारों को भी मजबूती मिलेगी। धरती आबा कार्यक्रम के माध्यम से:वन क्षेत्रों में जल संरक्षण, वृक्षारोपण और जैव विविधता की रक्षा को प्राथमिकता दी जा रही है। ग्राम वन समितियों को पुनर्जीवित कर ग्रामीणों की भागीदारी से जंगलों की निगरानी और देखभाल की जा रही है।लघु वनोपज (जैसे तेंदूपत्ता, महुआ, चिरौंजी, साल बीज) का बेहतर मूल्य दिलाकर आदिवासी ग्रामीणों की आर्थिक स्थिति मजबूत की जा रही है।वनांचलों में आधुनिक सुविधाओं और आधारभूत संरचना के विकास को प्राथमिकता मिल रही है। हरीश साहू ने कहा कि /"आज जब जलवायु परिवर्तन, जल संकट और वन विनाश जैसी समस्याएं बढ़ रही हैं, तब धरती आबा कार्यक्रम वनांचल क्षेत्रों के लिए संजीवनी साबित हो रहा है। यह न केवल पर्यावरण संरक्षण की दिशा में बल्कि वनवासियों को सम्मान और अधिकार दिलाने की दिशा में भी ऐतिहासिक पहल है।उन्होंने भाजपा सरकार की इस नीति की सराहना करते हुए कहा कि /"वन और वनवासी दोनों छत्तीसगढ़ की आत्मा हैं। धरती आबा कार्यक्रम इस आत्मा की रक्षा और समृद्धि का माध्यम बन चुका है।

## श्याम विद्या मंदिर के छात्रों का उत्कृष्ट प्रदर्शन

**महासमुंद।** श्याम विद्या मंदिर/उमावि में शिक्षा सत्र 2024-25 हाई स्कूल/ हायर सेकेण्डरी की वार्षिक परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट रहा। कक्षा 10वीं में प्रथम चंचल उइके 90 प्रतिशत, द्वितीय अनीश वैष्णव 87.5, तृतीय दीक्षा देवागंन 84.6, चतुर्थ हिमांशी वैष्णव 82 प्रतिशत, पंचम स्थान पर मुस्कान सोनवानी 81.8, माही निषाद एवं रेशमी पाल का 80 प्रतिशत रहा। कक्षा 12वीं प्रथम वैभवी दुबे, द्वितीय भूमिका साहू, तृतीय शाहिल खान ने उत्कृष्ट स्थान प्राप्त किया है। संस्था के संस्थापक हेमंत चंद्राकर एवं सचिव तारा चंद्राकर, प्राचार्य तेजबहादुर सिंह एवं समस्त शिक्षकों ने हर्ष जताया है।

## आज झलप प्रवास पर रहेंगे बीज निगम अध्यक्ष

**महासमुंद।** छत्तीसगढ़ राज्य बीज एवं कृषि विकास निगम अध्यक्ष (केबिनेट मंत्री दर्जा) चंद्रहास चंद्राकर 29 जून को झलप प्रवास पर रहेंगे। वहां वे भाजपा मंडल झलप के समस्त भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम का 123वें कड़ी की प्रसारण सुनेंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रविवार 29 जून को अपने मासिक रेडियो कार्यक्रम मन की बात के माध्यम से देश को संबोधित करेंगे। हर महीने प्रसारित होने वाले मन की बात कार्यक्रम की यह 123वीं कड़ी होगी।

**निधन**

## नरसिंह ताम्रकार

**नवापारा-राजिम।** ग्राम मन्दलोर निवासी नरसिंह ताम्रकार उम्र 89 वर्ष का निधन हो गया। वे संजय, अजय ,राजेश व हितेंद्र ताम्रकार के



पिता थे। पूर्व कृषि मंत्री चंद्रशेखर साहू ने कहा कि नरसिंह दाऊ एक सफल और सम्पन्न कृषक के साथ एक निष्ठावान जनसंघी कार्यकर्ता थे। अभनपुर विधानसभा क्षेत्र में भाजपा के विस्तार में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका रही है। उनके साथ लम्बे समय तक कार्य करने का मुझे अवसर मिला।

**आयोजन : फुलझर में धरती आबा जनजाति ग्राम उत्कर्ष का हुआ आयोजन**

# धरती आबा जनजाति उत्कर्ष अभियान शिविर आदिवासी समुदायों को सशक्त बनाने की पहल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुईहा बेलर

भारत सरकार आदिवासी समुदायों को सशक्त बनाने और बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के लिए दो महत्वपूर्ण मिशन चला रही है प्रधानमंत्री जनजातीय न्याय - महा अभियान (पीएम जनमन) और धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान। इसी कड़ी में, 26 जून 2025 को ग्राम पंचायत बोड़की के आश्रित ग्राम फूलझर में 'धरती आबा जनजाति उत्कर्ष अभियान शिविर' का आयोजन किया गया। इसका मुख्य उद्देश्य अंतिम हितग्राहियों तक उनके व्यक्तिगत अधिकारों को पहुंचाना और उनमें जागरूकता बढ़ाना है। फिंगेश्वर के अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी, स्वप्निल ध्रुव ने बताया कि पारंपरिक अभियानों के विपरीत, यह अभियान ग्राम और क्लस्टर स्तर पर शिविरों के माध्यम से अधिकारों की जमीनी स्तर पर पहुंच सुनिश्चित करेगा। इन शिविरों में विभिन्न कार्य संपादित किए जा रहे हैं, जिनमें आधार कार्ड, राशन कार्ड, आयुष्मान भारत कार्ड, जाति प्रमाण पत्र, मूल निवासी प्रमाण पत्र, किसान क्रेडिट कार्ड, पीएम किसान, जनधन खाता, बीमा कवरेज, सामाजिक सुरक्षा, रोजगार और आजीविका योजनाएं, महिला एवं बाल कल्याण से संबंधित लाभ शामिल हैं।




### कार्यक्रम में उपस्थित गणमान्य व्यक्ति

कार्यक्रम में मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत फिंगेश्वर ज्योति बाला ढालेन, मनरेगा पीओ, पंचायत प्रतिनिधि सरपंच नेतराम सिन्हा, उपसरपंच लेखराम साहू, जनपद सदस्य प्रतिनिधि मिथिलेश ध्रुव, पंचगण सुदर्शन दीवान, चमन ध्रुव, बलराम ध्रुव, चुंमन साहू, ललिता ध्रुव एवं ग्रामीण जन उपस्थित थे।

### लाभार्थियों की संख्या

आयुष्मान कार्ड - 4
सिकल सेल टेस्टिंग - 42
जाति प्रमाण पत्र - 8
निवास प्रमाण पत्र - 6
निशुल्क मच्छरदानी वितरण 5 (गर्भवती एवं शिशुवती माताओं को)

### अभियान का लक्ष्य

अभियान अवधि के दौरान, आदिवासी गांवों में निवासरत वंचित जनजातीय हितग्राहियों की पहचान कर उन्हें चिन्हांकित करना और लाभ दिलाना प्राथमिक लक्ष्य है। इसके लिए स्वास्थ्य, खाद्य, पंचायती राज, ग्रामीण विकास, सामाजिक न्याय, कृषि, राजस्व, महिला एवं बाल विकास जैसे विभिन्न विभागों के साथ तालमेल बिठाकर कार्य संपादित किया जा रहा है।

### अन्य आवेदन पत्र प्राप्त 22

यह अभियान स्थानीय प्रशासन और विभागीय अधिकारियों की सक्रिय भागीदारी से संचालित होता है, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि समस्त पात्र आदिवासी हितग्राहियों को इन योजनाओं का लाभ मिल पाए। विकास विभाग के अधिकारियों के सहयोग से जमीनी स्तर पर अभियान की पूर्ण सफलता सुनिश्चित की जा रही है।

# पूरी निष्ठा के साथ पढ़ाई करें : प्रीतम

प्रवेशोत्सव में नवप्रवेशी बच्चों का फूलों से स्वागत



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोपरा

नगर पंचायत कोपरा में शनिवार को युवराज 'सिन्हा शिशु विद्या मंदिर' का विधिवत शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर शाला प्रवेशोत्सव के तहत नवप्रवेशी बच्चों का पारंपरिक तरीके से गुलाल, फूल और मिठाई से स्वागत किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के छायाचित्र पर मुख्य अतिथि प्रीतम सिन्हा (भाजपा नेता) द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। इसके पश्चात बच्चों द्वारा भावपूर्ण सरस्वती वंदना प्रस्तुत की गई। मुख्य अतिथि प्रीतम सिन्हा ने बच्चों को आशीर्वचन देते हुए कहा आप एक ऐसी संस्था में प्रवेश कर रहे हैं, जो आपके भविष्य का निर्माण करेगी। आज से ही पूरी निष्ठा के साथ पढ़ाई करें और अपने माता-पिता व स्कूल का नाम गौरवान्वित करें। पढ़ाई के साथ-साथ योग और नैतिक शिक्षा पर भी विशेष ध्यान दें, क्योंकि वर्तमान समय में यह अत्यंत आवश्यक है। विशेष अतिथि चंदन साहू ने कहा की "स्कूल शिक्षा का मंदिर है। कार्यक्रम के विशेष अतिथि चंदन साहू (पूर्व महामंत्री, भाजपा मंडल) ने कहा कि नवप्रवेशी बच्चों के लिए यह शुरुआत का अवसर है। आपका प्रवेश शिक्षा के मंदिर में हुआ है, मेहनत करें और संस्कारों के साथ आगे बढ़ें। शिक्षा के साथ सांस्कृतिक ज्ञान भी जीवन निर्माण में सहायक होता है। विद्यालय की प्राचार्य रूपा सिन्हा ने बच्चों को शुभाशीष देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की और स्कूल की शिक्षण पद्धति व उद्देश्यों से सभी को अवगत कराया। इस मौके पर नगर पंचायत अध्यक्ष रूप नारायण साहू, डॉ. डाली साहू, बलराम सिन्हा, रामलाल सिन्हा, अवध सिन्हा, भारत सिन्हा, जवाहर शर्मा सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक, अभिभावक और नगरवासी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन पूजा बहन जी द्वारा प्रभावशाली ढंग से किया गया।

# राजिम में जगन्नाथ रथयात्रा, हरि बोलो के जयकारे से गूंजा शहर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

छत्तीसगढ़ के प्रयागराज तीन नदियो के संगम और गरियाबंद जिले का सबसे बड़ा शहर राजिम में रथयात्रा के अवसर पर पूरे शहर में हरि बोलो के जयकारे गूंजते रहा। हर तरफ महाप्रभु जगन्नाथ का जयघोष हो रहा था। भगवान श्री राजीव लोचन मंदिर के प्रांगण में प्रभु श्री जगन्नाथ स्वामी भी बिराजे हुए है अतएव श्रद्धालुओ और भक्तो की भीड़ सुबह से ही रहा। दोनो देव के दर्शन कर अपने परिवार की सुख समृद्धि के लिए मंगल कामना करते रहे। मंदिर पहुंचने वाले भक्तों को गजामूंग का प्रसाद मिल रहा था। मालूम हो कि शाम 4:30 बजे भगवान श्री जगन्नाथ जी रथ में सवार हुए और विभिन्न चौक चौराहो से होते हुए आगे बढ़ा। जगह-जगह भक्तजन पूजा दर्शन और आरती के लिए खड़े नजर आए। प्रसाद लेने के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ जुटी हुई थी। उड़ीसा का निशान बाजा प्रमुख आकर्षण का केंद्र रहा। देर शाम भगवान श्री जगन्नाथ स्वामी जी का रथ महामाया मंदिर पहुंचा। यहां रात्रि विश्राम किया। रथ के साथ श्री राजीव लोचन मंदिर के सर्वराकार चंद्रभान सिंह ठाकुर, शिवकुमार ठाकुर, महेंद्र सिंह ठाकुर, राजेंद्र सिंह ठाकुर चल रहे थे। पूजा करने के लिए विशेष रूप से नगर पंचायत अध्यक्ष, महेश यादव, उपाध्यक्ष पूर्णिमा चंद्राकर, सभापति भारत यादव, कुलेश्वर साहू, सुरेश पटेल , अजय पटेल , उत्तम निषाद , नरोत्तम ठाकुर, यशवंत निराला, बलराम यादव, रामकुमार साहू, साधु निषाद ,इंजीनियर नितेश भंवर, वर्षा ठाकुर, दीपक वर्मा, गंगू गंधर्व आदि मौजूद थे।



**भेण्डरी में निकली रथयात्रा**



**भेण्डरी।** भेण्डरी में रथयात्रा निकाली गई जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामवासी शामिल हुए। गजामूंग का प्रसादा बांटा गया।

# रसेला सहित क्षेत्र में धूमधाम से मनाया रथयात्रा का पर्व

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रसेला



रथयात्रा का पर्व बड़े ही श्रद्धा और धूमधाम के साथ रसेला सहित क्षेत्र में निकाली गई। गांव के हनुमान मंदिर से भगवान जगन्नाथ बड़े भाई बलभद्र व बहन सुभद्रा के साथ रथ में सवार होकर भक्तों को दर्शन देने गांव के हर गली-मोहल्ले में भ्रमण किया। रथ को आकर्षक फूलों, रंग बिरंगी झालरों और पारंपरिक सजावट से सजाया गया था। विशेष पूजा अर्चना में भगवान का चंदन, केसर, गोचरण, कस्तूरी व कपूर जल से पावन अभिषेक किया गया। हवन और मंगल आरती के बाद भगवान को परंपरागत गजामूंग का भोग अर्पित किया गया। इसी तरह आसपास के गांवों में भी रथयात्रा निकालकर ग्रामीणों ने उत्साह के साथ यह पर्व मनाया गया और गजामूंग प्रसाद ग्रहण कर गांव परिवार की कुशलता के लिए भगवान से प्रार्थना की। रथयात्रा हनुमान मंदिर से होते हुए स्वर्ण जयंती चौक, साहाड चौक, आवास पारा, रंगमंच, बस स्टैंड, यादव पार, बाजार चौक सहित गांव के प्रमुख मार्गों से गुजरी। भ्रमण के दौरान श्रद्धालुओं ने जगह जगह पूजा अर्चना कर महिलाएं और पुरुष रथ की रस्सी खींचने को उत्साहित दिखा। जय जगन्नाथ के जयघोष से माहौल भक्तिमय हो गया। क्षेत्र में लगातार हो रही बारिश से किसानों में भी खुशी है। लोगों का मानना है कि रथयात्रा के दिन बारिश होना अच्छी फसल के संकेत हैं। रथयात्रा न केवल एक धार्मिक आयोजन है, बल्कि यह सामाजिक समरसता और भक्ति की भावना को भी दर्शाता है। और इस वर्ष भी यह परंपरा पूरे उत्साह के साथ निभाई गई। कार्यक्रम में ग्राम पटेल लोकराम यादव, ग्राम प्रमुख डी आर यादव, बिगेद्र ठाकुर भागवत कोमर्रा, धनी राम यादव, देवलाल बारिक, नदुदास मानिकपुरी, ठाकुर राम यादव, जगत राम यादव, भावसिह मरकाम, नंदकिशोर यादव, रामायण ठाकुर,वेदव्यास निषाद, धनेश्वर ठाकुर, पुरोहित यादव, ओमप्रकाश यादव, लोकराम ध्रुव, बिसाहू कोमर्रा, शंकर कुर्रे,राजा कोमर्रा, खेम तांडी, सगुनदास, दमयंतीन नागेश, ललिता, हेमलता, बिमला मरकाम सहित ग्रामीण शामिल रहे।

# कुर्रा स्कूल में मना शाला प्रवेश उत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम



शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला कुर्रा में हर्षो उल्लास के साथ प्रवेश उत्सव मनाया गया, कार्यक्रम की शुरूआत मां सरस्वती की पूजा अर्चना से की गई। नवप्रवेशी कक्षा छठवीं के बच्चों का अतिथियों ने तिलक लगाकर गणवेश प्रदान कर किया। बच्चों को मिठाई खिलाई गई। इस अवसर पर सरपंच पुष्पा-डोमेश साहू ने कहा कि शिक्षा तो आवश्यक है इसके साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण के लिए अपने जन्मदिन पर हर वर्ष एक पौधा जरूर रोपे और बढ़ते तक संरक्षण प्रदान करें। शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के अध्यक्ष प्रेमदास मानिकपुरी ने शिक्षा को सर्वांगीण विकास का साधन बताया। कार्यक्रम में प्रधानपाठक नंदकुमार साहू ,उमा निषाद, चंद्रप्रभा साहू, राजेंद्र साहू, नुकेश गिलहरे उपसरपंच, भूपेश साहू, रानू नगारची, प्रेमलाल विश्वकर्मा , रामप्रताप गिलहरे, रमेश कुर्रे मौजूद थे।

# बिनौरी में शाला प्रवेश उत्सव धूमधाम से मना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुईहा बेलर




ग्राम बिनौरी में गुरुवार को प्राथमिक विद्यालय और पूर्व माध्यमिक विद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में प्रवेश उत्सव कार्यक्रम धूमधाम से संपन्न हुआ। इस अवसर पर सरपंच छबिलाल ध्रुव, शिक्षाविद् शीतल कुमार साहू और पूर्व उपसरपंच गीता बाई साहू ने अपने विचार व्यक्त किए। उन्होंने विद्यार्थियों को अध्ययन-अध्यापन कार्य में रुचि बढ़ाने के लिए मार्गदर्शन प्रदान किया। कार्यक्रम की शुरुआत नवप्रवेशी बच्चों को टीका लगाकर स्वागत करने से हुई। इसके बाद उन्हें गणवेश और पुस्तकों का वितरण किया गया, जिससे वे उत्साह के साथ अपनी नई शैक्षिक यात्रा शुरू कर सकें। कार्यक्रम का संचालन शैलेन्द्र शाकर ने किया, और आभार प्रदर्शन कृपा राम नेताम ने किया। इस अवसर पर संकुल समन्वयक कमलेश कुमार साहू, प्रधान पाठक राम अवतार यादव, रेखा वाजपेई, पूर्व माध्यमिक विद्यालय के अध्यक्ष सेवाराम, उपाध्यक्ष कौशल, उपसरपंच तेजराम, उत्तम, बिशनाथ, पुरुषोत्तम, तोरण, रहिमन, मानबाई, चेतन, सरस्वती सहित सभी छात्र-छात्राएं उपस्थित थे। यह कार्यक्रम बच्चों को शिक्षा के प्रति प्रेरित करने और उन्हें एक सकारात्मक माहौल प्रदान करने के उद्देश्य से आयोजित किया गया था।

**छुरा के आत्मानंद विद्यालय में शाला प्रवेश उत्सव हर्षोल्लास से मना**

# विद्यालय का प्रयास शिक्षा और संस्कारों का समन्वय : निषाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा

स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय, छुरा में शनिवार को शाला प्रवेश उत्सव बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस कार्यक्रम में नगर पंचायत अध्यक्ष लुकेश्वरी निषाद, नगर पंचायत छुरा के पार्षदगण, विद्यालय प्रबंधन एवं विकास समिति के अध्यक्ष सीआर सिन्हा, समस्त सदस्यगण, प्राचार्य प्रदीप कुमार मिश्रा, और समस्त स्टाफ उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत समस्त जनप्रतिनिधियों की गरिमामयी उपस्थिति के साथ माँ सरस्वती की वंदना और दीप प्रज्वलन से की गई। इसके पश्चात, विद्यालय में नवप्रवेशित विद्यार्थियों का **तिलक लगाकर, मिठाई और चॉकलेट वितरित कर आत्मीय स्वागत किया गया। इस विशेष क्षण ने बच्चों के चेहरे पर खुशी और आत्मीयता की झलक ला दी। मंच संचालन दिवस कुमार यादव द्वारा प्रभावशाली ढंग से किया गया।

**बोर्ड परीक्षा टॉपर्स का सम्मान-** विद्यालय के गौरवशाली क्षणों में से एक, कक्षा 10वीं एवं 12वीं के बोर्ड परीक्षा टॉपर्स का सम्मान रहा। कक्षा 12वीं (कॉमर्स) की छात्रा गितिका सचदेव ने 90.4% अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया, वहीं कक्षा 10वीं की छात्रा डुमेश्वरी यादव ने 92.33% अंक प्राप्त कर उल्लेखनीय सफलता हासिल की। दोनों विद्यार्थियों को नगर पंचायत अध्यक्ष लुकेश्वरी निषाद एवं अध्यक्ष सी. आर. सिन्हा द्वारा स्मृति चिह्न एवं प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया गया। नगर पंचायत अध्यक्ष लुकेश्वरी निषाद ने कहा कि विद्यालय द्वारा किया गया यह प्रयास शिक्षा और संस्कारों का समन्वय प्रस्तुत करता है। उन्होंने छात्राओं की साइकिल वितरण, टॉपर्स का सम्मान एवं नवप्रवेशी विद्यार्थियों के स्वागत की भूरी-भूरी प्रशंसा की। अध्यक्ष सीआर सिन्हा ने विद्यालय में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए समिति की प्रतिबद्धता को दोहराया। प्राचार्य प्रदीप कुमार मिश्रा ने कहा कि बच्चों को मिठाई और चॉकलेट देकर स्वागत करना विद्यालय की आत्मीय परंपरा है, जिससे छात्र विद्यालय से भावनात्मक रूप से जुड़ते हैं। उन्होंने टॉपर्स को बधाई दी और सभी नवप्रवेशी विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

**निःशुल्क साइकिल वितरण और एक पेड़ मां के नाम योजना**



इस अवसर पर छत्तीसगढ़ शासन की सरस्वती साइकिल योजनाके अंतर्गत कक्षा 9वीं छात्राओं को निःशुल्क साइकिल वितरित की गई। साथ ही, 'एक पेड़ माँ के नाम' योजना के तहत विद्यालय परिसर में पौधारोपण भी किया गया। इसमें सभी अतिथियों एवं शिक्षकों ने भाग लेते हुए अपनी माताओं के नाम पर पौधे लगाए। यह पहल पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ मातृत्व सम्मान को भी समर्पित रही।

# शिक्षा से ही मनुष्य का सर्वांगीण विकास होता है : रामनारायण



**राजिम।** शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला भैंसातरा में शाला प्रवेश उत्सव कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सरपंच अंजनी ध्रुव थी। अध्यक्षता प्रधानपाठक रामनारायण मिश्रा ने की। विशेष अतिथि के रूप में कुमारी ध्रुव, रूपलाल साहू, पुरुषोत्तम साहू ,नेमूराम साहू, नोहर साहू ,कुसुम यादव,हेमीन साहू थे। सर्वप्रथम अतिथियों ने मां सरस्वती की पूजा-अर्चना कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। अतिथियों द्वारा विद्यार्थियों को गणवेश वितरण किया गया। प्रधानपाठक श्री मिश्रा ने कहा कि शिक्षा से ही मनुष्य का सर्वांगीण विकास होता है। शिक्षा के बिना मनुष्य का जीवन अधूरा है ,इसलिए हमें शिक्षा के प्रति जागरूक होना चाहिए। पालक अपने बच्चों को प्रतिदिन विद्यालय भेजें। सरपंच अंजनी ध्रुव ने कहा कि सभी विद्यार्थी मन लगाकर विद्याध्ययन करें तथा अपने घरों में भी जाकर नियमित रूप से पढ़े। बच्चों को मध्यान्ह भोजन में चावल, दाल ,सब्जी के साथ खीर पूरी भी परोसा गया। कार्यक्रम का संचालन नेमू साहू ने तथा आभार प्रदर्शन रूपलाल साहू ने किया।

## खबर संक्षेप



### दिव्यांगता स्वास्थ्य शिविर का कलेक्टर ने किया निरीक्षण

**फिंगेश्वर।** जनपद पंचायत कार्यालय मे 28 जून को कलेक्टर के आदेशानुसार समाज कल्याण विभाग के तत्वावधान में सिकल सेल जांच एवं दिव्यांगजनो के चिकित्सा स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया।शिविर में स्वास्थ्य परीक्षण के अलावा दिव्यांगता प्रमाण पत्र एवं यू.डी.आई डी.कार्ड भी बनाया गया।शिविर में कुल 156 दिव्यांगजन पंजीकृत किए गए। शिविर में नेत्र रोग विशेषज्ञ, मनोरोग सहित अन्य प्रकार के विशेषज्ञ डॉक्टर उपस्थित होकर दिव्यांगजनों का स्वास्थ्य जांच किया। इसके साथ ही आवश्यक सलाह प्रदान करते हुए हुए उपचार भी किया।शिविर में कलेक्टर बी एस उईके ने पहुंचकर शिविर का निरीक्षण किया। उन्होंने चिकित्सकों द्वारा किए जा रहे स्वास्थ्य जांच का अवलोकन किया एवं दिव्यांगजनों को शिविर का लाभ उठाने प्रेरित किया। शिविर मे अस्थिरोग विशेषज्ञ के नहीं आने पर दिव्यांगजनो मे नाराजगी देखी गई। इस दौरान समाज कल्याण विभाग के उपसंचालक डी एस ठाकुर, एसडीएम विशाल महाराणा, बीएमओ डॉ. वीके हिरौंदिया फिंगेश्वर, कान नाक गला डॉ. केके सहारे, सिविल सर्जन टीसी पात्रे, शिशुरोग विशेषज्ञ अंकुश वर्मा, डॉ. हूमने, जनपद के मुख्यकार्यपालन अधिकारी स्वनिल ध्रुव, पंचायत सचिवों सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

### शहर के सड़कों पर आवारा जानवरों के विचरण से हो रहीं हैं दुर्घटनाः राकेश

**महासमुंद।** आम आदमी पार्टी के जिला अध्यक्ष राकेश झाबक ने शहरों में आवारा पशुओं से हो रही दुर्घटनाओं पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा है कि हर बड़े शहर में सड़कों पर आवारा जानवरों की समस्या एक बड़ी चुनौती बन गई है, जिससे दुर्घटनाओं और अन्य समस्याओं का खतरा बढ़ गया है। आवारा पशु में ज्यादातर संख्या कुत्तों की है, उसके बाद गायों का नंबर आता है। सड़कों पर आवारा पशुओं के कारण यातायात बाधित होता है, जिससे जाम की समस्या होती है। आवारा पशु पार्कों और अन्य हरियाली वाले क्षेत्रों में घूमती हैं, जिससे पौधों और हरियाली को नुकसान होता है। आवारा पशुओं के कारण सड़क दुर्घटनाएं आम हो गई हैं, जिससे जानमाल का नुकसान हो रहा है।

### गायत्री परिवार का जिला स्तरीय नारी जागरण कार्यशाला आज

**महासमुंद।** अखिल विश्व गायत्री परिवार द्वारा माता की जन्म शताब्दी वर्ष 2026 के उपलक्ष्य में देशभर में नारी जागरण कार्यशालाओं का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में गायत्री परिवार छत्तीसगढ़ महिला प्रकोष्ठ द्वारा जिला स्तरीय नारी जागरण कार्यशाला का आयोजन महासमुंद में शनिवार 29 जून को किया जा रहा है। इस कार्यशाला में सरला कोसरिया, शशि प्रभा थिटे एवं हेमलता साहू विशेष रूप से उपस्थित रहेंगी। कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं को समाज निर्माण में उनकी सशक्त भूमिका के लिए प्रेरित करना एवं उनके अंदर नेतृत्व क्षमता का विकास करना है।

**आयोजन : 25 लोगों ने पूर्व सीएम के सामने किया कांग्रेस प्रवेश, सभी का माला पहनाकर स्वागत**

# कांग्रेस पार्टी को मजबूत करने के लिए कार्यकर्ता और नेता एकजुट होकर काम करें : भूपेश बघेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल आज शुक्रवार को अमलीपदर जाते समय दोपहर 2 बजे मैनपुर पहुंचे ब्लॉक कांग्रेस कमेटी मैनपुर अध्यक्ष रामकृष्ण ध्रुव के नेतृत्व में ऐतिहासिक स्वागत किया गया। भूपेश बघेल के बिन्द्रानवागढ विधानसभा क्षेत्र में आगमन के चलते विधायक जनक ध्रुव के समर्थक एवं कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा जगह- जगह स्वागत की तैयारी सुबह से किया जा रहा था जैसे ही भूपेश बघेल का काफिला मैनपुर पहुंचे जमकर आतिशबाजी किया गया और फूलमाला के साथ ऐतिहासिक स्वागत किया गया। भूपेश बघेल का स्वागत करने कार्यकर्ताओं की भीड़ उमड़ पड़ी और धक्का मुक्की की स्थिति देखी गई। इस दौरान बिन्द्रानवागढ़ विधायक जनक ध्रुव, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता गिरीश देवांगन का भी कांग्रेसियों ने जोरदार स्वागत किया। इस दौरान जमकर नारेबाजी किया गया। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कांग्रेस कार्यकर्ताओं को उत्साह वर्धन करते हुए कहा की कांग्रेस पार्टी को मजबूत करने कार्यकर्ता एवं नेता संगठन के साथ मिलकर कार्य करें और क्षेत्र के लोगों को उनके मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए कांग्रेस कार्यकर्ता हमेशा सामने रहे। इस मौके पर प्रमुख रूप से बिन्द्रानवागढ़ विधायक जनक ध्रुव, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष रामकृष्ण ध्रुव, महामंत्री गैंदू यादव, नेहाल नेताम, एनएसयुआई प्रदेश सचिव चित्रंस ध्रुव, आदिवासी कांग्रेस जिला अध्यक्ष खेदू नेगी, टिकम सिंह कपिल, युवा कांग्रेस अध्यक्ष सोहन नागेश, महिला कांग्रेस अध्यक्ष प्रियंका कपिल, हबीब मेमन शाहिद मेमन, शांतू यादव, लिकेश यादव, जाकिर रजा, डोमार साहू, अजहर मेमन, गज्जू यादव, सामंत शर्मा, विरेन्द्र श्रीवास्तव, हेमलाल बारले, नूतन मरकाम, सुखचंद धुरव, देवीसिंह कमलेश, रामभरोसा, पवन जगत, पुनित ध्रुव, लोकेश सांडे, रोहन मरकाम, आशीष राय, अहमद बेग, अमान मेमन, नीरा कपिल, दुलेश्वरी नागेश, हरिश्वर पटेल, जलेश्वरी दुलारी बाई, दयाबाई मरकाम, नीरा बाई, गणेशिया नागेश, अंबिका, शैलेन्द्र साहू, विकास तिवारी, विनीत बाघमार, बृजलाल सोनवानी, उवेशरजा भट्टी सहित सैकड़ो की संख्या मे कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे। वहीं दूसरी ओर पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के आगमन के चलते भारी सुरक्षा बल तैनात किये गये है तो दूसरी ओर भूपेश बघेल के काफिले मे तीन दर्जन से ज्यादा वाहनो का काफिला गुजर रही है। वही बिन्द्रानवागढ, इंदागांव, धुररवागुडी एंव मैनपुरकला के पास भी पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का ऐतिहासिक स्वागत किया गया, इस दौरान भुपेश बघेल ने बुढ़ादेव मंदिर पहुंचकर पूजा अर्चना किया और क्षेत्र में सुख शांति समृद्धि खुशहाली की कामना की।

### किसानों ने बघेल को बताई समस्या

मैनपुर क्षेत्र के दौरे पर पहुचे पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को किसानों का प्रतिनिधिमंडल मुलाकात कर बताया कि क्षेत्र में किसानों को डीए पी खाद एंव अन्य खाद बीज नही मिल पा रहा है जिसके कारण किसानों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है, किसानों ने बताया कि मक्का की बोआई कार्य क्षेत्र में 40 से 45 प्रतिशत हो चुका है किसान ओडिसा से मक्का बीज और खाद लाकर बोआई करने मजबूर हो रहे है।




**बघेल के सामने कांग्रेस प्रवेश किया**

ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष रामकृष्ण ध्रुव एवं महामंत्री गेंदु यादव ने बताया कि मैनपुर पहुचे भूपेश बघेल के सामने आम आदमी पार्टी के 12 से ज्यादा पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं एवं 13 अन्य लोग कुल 25 लोगों ने कांग्रेस प्रवेश किया पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और विधायक जनक ध्रुव ने सभी को फूलमाला पहनाकर और कांग्रेस का गमछा पहनाकर कांग्रेस प्रवेश कराया।

## प्रयास विद्यालय में चयनित विद्यार्थियों का हुआ सम्मान



**राजिम।** पूर्व माध्यमिक शाला पथर्रा से प्रयास विद्यालय प्रवेश परीक्षा में कुमारी मिताली साहू एवं कुमारी गीतांजली साहू के चयनित होने पर शाला प्रबंधन समिति एवं नगर पंचायत के सभापति कुलेश्वर साहू ने सम्मान किया। बताया गया है कि दोनों छात्राओं का चयन बिलासपुर विद्यालय के लिए हुआ है जहां बारहवीं तक उन्हें निःशुल्क शिक्षा और प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए कोचिंग दी जाएगी। इस अवसर पर छत्रपाल वर्मा, वालिता साहू, सुनीता साहू, गीता साहू, राधेश्याम साहू मौजूद थे। प्रधानपाठक आलोक शर्मा ने बताया कि नक्सल प्रभावित जिलों के बच्चों की विशेष शिक्षा के लिए छत्तीसगढ़ शासन की यह महत्वपूर्ण योजना है जिसमें प्रवेश परीक्षा के माध्यम से बच्चों का चयन किया जाता है। इस वर्ष भी स्कूल के बच्चों को कोचिंग देकर चयन परीक्षा के लिए तैयारी कराई जाएगी।



### चंदना में शाला प्रवेश उत्सव

**भेण्डरी।** प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला चंदना में शाला प्रवेश उत्सव कार्यक्रम की शुरूआत मां सरस्वती की पूजा अर्चना करके बच्चों को शाला गणवेश एवं पुस्तक वितरण कर मुंह मीठा कराया गया। माध्यमिक शाला चंदना के प्रधानपाठक संध्या बघेल ने नव शिक्षा सत्र की शुभकामना दी। इस अवसर पर उपसरपंच रोशनी साहू सहित अनेको स्थानीय जनप्रनिधि मौजूद थे।

## सेंदर में शाला प्रवेशोत्सव, पौधारोपण मेधावी छात्रो का सम्मान समारोह कल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुईहा बेल्हार

प्राथमिक विद्या मंदिर शाला प्रांगण, सेन्दर में 30 जून को शाला प्रवेश उत्सव, प्रतिभावान छात्र-छात्राओं का सम्मान समारोह और एक वृहद पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। यह जानकारी संस्था के अध्यक्ष रामू राम साहू ने दी। पूर्व सरपंच रामाधार साहू ने 30 जून को होने वाले पौधा रोपण कार्यक्रम पर जोर देते हुए कहा कि संस्था द्वारा भले ही 100 पौधे लगाए जाएं, लेकिन उन्हें बड़ा होने तक जीवित रखना उनकी प्राथमिकता है। इसके लिए पूरी तैयारी की गई है, जिसमें 5-7 फीट के विकसित पौधे, उनकी सुरक्षा के लिए जाली और सिंचाई के लिए ड्रिप की व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। उन्होंने इस बात पर बल दिया कि पौधे कम लगाए जाएं, लेकिन उन्हें जीवित रखने की व्यवस्था होनी चाहिए।



कार्यक्रम में कक्षा 5वीं, 8वीं, 10वीं और 12वीं के प्रतिभावान मेधावी छात्रों को जिन्होंने उच्चतम अंक प्राप्त किए हैं, उन्हें मोमेंटो, प्रशस्ति पत्र, 200 पेन, 408 कॉपी, 15 बैग, पानी की बोतल भेंट कर सम्मानित किया जाएगा। साथ ही, नवप्रवेशी छात्रों को जूते, मोजे, पेंसिल, रबर, कटर और पहाड़ा भेंटकर उनका सम्मान किया जाएगा। इस कार्यक्रम में मुख्यातिथि गौरीशंकर कश्यप अध्यक्ष, जिला पंचायत गरियाबंद, प्रमुख अतिथि राजा नीलेन्द्र बहादुर सिंह सर्वराकार मंदिर ट्रस्ट समिति राजमहल फिन्गेश्वर, अध्यक्षता



इन्द्राणी नेहरू साहू अध्यक्ष, जनपद पंचायत फिन्गेश्वर, विशिष्ट अतिथि नंदनी ओमकार साहू, जिला पंचायत सभापति एवं महिला बाल विकास गरियाबंद, नंदनी कोमल ढीढी जिला पंचायत सभापति एवं सहकारिता विभाग गरियाबंद, रूखमणी खेमराज सिन्हा जनपद सदस्य फिन्गेश्वर, गामणी राकेश धृतलरे सरपंच, पंचायत ग्राम सेंदर, डॉ. महेश कुंजाम (पूर्व जनपद सदस्य फिन्गेश्वर, रामाधार साहू पूर्व सरपंच, ग्राम पंचायत सेन्दर, रामु राम साहू अध्यक्ष, विद्या मंदिर स्कूल सेंदर

इस अवसर पर विद्या मंदिर शिक्षा समिति हाई स्कूल, हायर सेकेंडरी प्रबंधन समिति, प्राचार्य, प्रधान पाठक और स्टाफ के साथ समस्त ग्रामवासी सेंदर भी उपस्थित रहेंगे।

## सैकड़ों मरीजों ने निशुल्क जांच परामर्श शिविर का लिया लाभ



हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम

प्रथमेश हॉस्पिटल रायपुर एवं नगर साहू समाज द्वारा छात्रावास में निशुल्क जांच एवं परामर्श शिविर का आयोजन डॉ. तेजेंद्र साहू के मौजूदगी में किया गया। जिसमें डॉ. सुलभ चंद्राकर हृदय रोग विशेषज्ञ, डॉ. राजीव साहू न्यूरोलॉजी विशेषज्ञ, जनसम्पर्क अधिकारी सुरजीत साहू द्वारा निशुल्क बीपी, शुगर, ईसीजी जांच कर उचित इलाज एवं परामर्श दिया गया। सैकड़ों मरीजों ने शिविर में पहुंचकर स्वास्थ्य लाभ लिया। शिविर में नगर पालिका अध्यक्ष ओमकुमारी-संजय साहू, नगर साहू समाज के संरक्षक मेघनाथ साहू, परदेसी राम साहू, प्रदेश साहू संघ आईटी प्रकोष्ठ वरिष्ठ उपाध्यक्ष डॉ. लीलाराम साहू, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष धनराज मध्यानी, पूर्व उपाध्यक्ष जीत सिंह, चतुर जगत, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सौरभ शर्मा, राजा चावला, धीरज साहू, चंद्रिका साहू, जीवन सेन, व्यापारी प्रकोष्ठ के डिगेश्वर साहू, आलोक साहू, घनश्याम साहू, रामकुमार शर्मा, बीरबल राजपूत, डॉ. डीडी साहू, सुखराम साहू मौजूद थे।

### ई-रिक्शा बनी बिहान दीदी के परिवार की खुशहाली की सवारी




**बागबाहरा।** बिहान योजना के तहत आजीविका का साधन बनाने वाली वनांचल ग्राम धरमपुर की निवासी मिनेश्वरी साहू ने इसी योजना से जुड़कर न केवल अपने परिवार की आर्थिक स्थिति को सुदृढ़ किया। जय कर्मा माता महिला स्व सहायता समूह की सदस्य मिनेश्वरी साहू एक गरीब परिवार से हैं, लेकिन पढ़ी-लिखी, जागरूक और साहसी महिला हैं। शादी के तुरंत बाद वह बिहान योजना से जुड़ीं। समूह में उनकी सक्रियता, पुस्तक संधारण में रुचि और कार्यशैली को देखते हुए उन्हें क्लस्टर लेखापाल की जिम्मेदारी सौंपी गई। मिनेश्वरी ने अपने पति को भी बिहान योजना से जोड़ा और शुरुआत में समूह के हिसाब-किताब में उनसे सहायता ली। बाद में पति को आरबीके (राजीव गांधी भारत ज्ञान मिशन केंद्र) में पदस्थ कराने के लिए प्रेरित किया। दोनों 2018 से बिहान से जुड़े हुए हैं।

## राजिम पहुंचे विधायक संदीप, हुआ शानदार स्वागत






हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

शुक्रवार को देर शाम अखिल भारतीय तैलिक साहू महासभा युवा प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष कसडोल विधायक संदीप साहू राजिम पहुंचे। यहां राजिम भक्तिन माता समिति के अध्यक्ष लाला साहू, महामंत्री रामकुमार साहू, कोषाध्यक्ष भोले साहू, संगठन मंत्री विष्णु साहू, राजू साहू, तरुण साहू, होरीलाल साहू, प्रीतम साहू, शिवराज देवांगन, नीरज ठाकुर, कुणाल गोस्वामी, इंद्रजीत कंडरा, यांशु साहू, प्रांशु साहू ने फूल माला पहनाकर उनका आत्मीय स्वागत किया। विधायक संदीप साहू ने राजिम भक्तिन माता की प्रतिमा में माल्यार्पण कर प्रदेशवासियों की सुख -शांति एवं समृद्धि के लिए मंगल कामना किया। विधायक श्री साहू के साथ छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ युवा प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष पवन साहू भी थे। राजिम में लाला साहू के निवास में सामाजिक लोगों से उन्होने मुलाकात कर चर्चा किया।



## विधायक ने जगन्नाथ पूजा कर क्षेत्र की खुशहाली मांगी

**राजिम।** विधायक रोहित साहू रथयात्रा के पावन अवसर पर अपने गृहग्राम पीपरछेड़ी में शामिल हुए। उन्होने भगवान श्री जगन्नाथ स्वामी की विधिविधानपूर्वक पूजा अर्चना कर राजिम विधानसभा क्षेत्र के खुशहाली सुख समृद्धि के लिए मंगल कामना किया। विधायक श्री साहू ने रथ को आगे बढ़ाने में ग्रामीणो के साथ शामिल थे।

सफेद दाग

(ल्यूकोडर्मा) का लेसर द्वारा ईलाज
कालड़ा प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी एवं बर्न सेंटर
आर.के.सी. के सामने, जी.ई. रोड, चौबे कालोनी एवं गंगा डायग्नोस्टिक्स के उपर, कलर्स माल के पास, पचपेढ़ी नाका, रायपुर (छ.ग.)
9827143060
Ajay Advt.

**शाला प्रवेशोत्सव में छात्र-छात्राओं द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति**

## बच्चों के सर्वांगीण विकास की पहली सीढ़ी है शिक्षा : जनक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

तहसील मुख्यालय मैनपुर नगर के सामुदायिक भवन में आज शनिवार को विकासखण्ड स्तरीय शाला प्रवेशोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्यअतिथि बिन्द्रानवागढ़ के विधायक जनक ध्रुव, अध्यक्षता जिला पंचायत अध्यक्ष गौरीशंकर कश्यप, विशेष अतिथि पूर्व संसदीय सचिव गोवर्धन मांझी, पूर्व विधायक डमरूधर पुजारी, भाजपा जिला उपाध्यक्ष योगेश शर्मा, भाजपा मंडल अध्यक्ष संतोश यादव, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष रामकृष्ण ध्रुव, भाजपा मंडल गोहरापदर अध्यक्ष भोजराम सिन्हा ग्राम पंचायत मैनपुर के सरपंच हनीता नायक ने मां सरस्वती की छायाचित्र की पूजा अर्चना कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस दौरान नवप्रवेशी छात्र- छात्राओं को तिल लगा फूल की माला पहनाकर मुह मीठा कर स्वागत किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यअतिथि बिन्द्रानवागढ विधायक जनक ध्रुव ने कहा कि प्रवेश उत्सव के माध्यम से यह सुनिश्चित करना है, कि कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित न रहे, हर बच्चा स्कूल जाए, यह सर्वोच्च प्राथमिकता में है, समाज के प्रत्येक वर्ग की भागीदारी से ही हम शिक्षित व आत्मनिर्भर बने।




**छात्र- छात्राओं को नगद पुरस्कार के साथ मेडल का वितरण-** मैनपुर के प्रभारी एसडीएम तुलसीदास मरकाम ने छात्र छात्रओं को संबोधित करते हुए शिक्षा के अलख जगाते हुए जबरदस्त प्रस्तुति देते हुए शिक्षा गाना गाकर लोगो को ताली बजाने के लिए मजबूर कर दिया। शाला प्रवेशोत्सव के दौरान प्राथमिक, मिडिल, हाई स्कूल एंव हायर सेकेण्डरी स्कूल के छात्र छात्रओ द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया, बच्चों ने सामुहिक नृत्य, एकल नृत्य के साथ अनेक कार्यक्रम प्रस्तुत किये छात्र-छात्राओं को नगद पुरस्कार के साथ मेडल वितरण किया गया। इस कार्यक्रम में प्रमुख रूप से जनपद पंचायत मैनपुर के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्वेता वर्मा, विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी महेश पटेल, बीआरसीसी शिवकुमार नागे, जनपद सदस्य डॉ. योगीराज माखन कश्यप, ब्लॉक कांग्रेस महामंत्री गेंदु यादव, नेयाल नेताम, जाकीर रजा, युवा मोर्चा अध्यक्ष महेश कश्यप, पूर्व सरपंच सरिता सेन, थानु पटेल, डोमार साहू, सुन्दर कश्यप, महेश धुरव, रामेश्वर नागेश, कांति सिन्हा, प्रदीप सिन्हा, मुकेश ठाकुर, खन्ना लाल रामटेके, भगवानो पांडे, रमेश राजपूत, मनोहर ध्रुव प्रताप सिंह टोप्पो, दिनेश कुमार नेताम उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक डोमार पटेल एवं आभार प्रदर्शन रसीद खान ने किया।

सुयश हॉस्पिटल
(NABH से मान्यता प्राप्त)
न्यूरो सर्जरी विभाग
.सिर की चोट
.रीढ़ की हड्डी के ऑपरेशन
.ब्रेन ट्यूमर
.ब्रेन हेमरेज
आदि का उच्च स्तरीय ईलाज
24 Hours Helpline
9926386660
कोटा–गुढ़ियारी रोड़, होटल पिकाडली के पीछे, रायपुर
Ajay 9827144371

online Booking:-www.tripuryatra.com

सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 14,500/-
11 यात्री बुकिंग पर एक यात्री फ्री
9 रात व 10 दिन
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री
श्री त्रियुगीनारायण-(भगवान शिव व माता पार्वती का विवाह स्थल )
श्री तुंगनाथ महादेव- (विश्व का सर्वोच्च शिव मंदिर-चंद्रशिला चोटी के पास)
16 जुलाई, 16 अगस्त, 6 सितंबर, 17 सितंबर, 24 सितंबर, 29 सितंबर, 5 अक्टूबर 2025
अन्य दर्शन- काशीविश्वनाथ, पंच प्रयाग दर्शन, (विष्णुप्रयाग, नंदप्रयाग, कर्णप्रयाग, रुद्रप्रयाग, देवप्रयाग) माना गांव-भारत का अंतिम गांव, धारी देवी, चोपता
राशि:- स्टैंडर्ड पैकेज 14,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-7354-411411